**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 17. (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-फतेहपुर के तहसील-खागा, ब्लॉक-ऐरायॉ के प्राथमिक विद्यालय शहजादपुर, खागा-प्रथम का भवन जर्जर अवस्था में है ? | प्राथमिक विद्यालय शहजादपुर, खागा-प्रथम का भवन जर्जर भवन के रूप में चिन्हांकित है, जिसके जर्जर होने के संबंध में तकनीकी समिति से सत्यापन कराया जा रहा है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या सरकार की सबको शिक्षा सबको स्कूल की मूल भावना को दृष्टिगत रखते हुये उक्त प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन की मरम्मत, मैदान में टाइलीकरण और छात्र/छात्राओं, शिक्षकों/शिक्षिकाओं के लिये शौचालय का निर्माण करायेंगे ? | 'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा-कक्ष के टाइलीकरण का कार्य नगर पंचायत खागा की कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। उक्त विद्यालय में बालक-बालिका शौचालय पूर्व से निर्मित हैं। 'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत निर्धारित पैरामीटर्स तथा 'समग्र शिक्षा' के अंतर्गत शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिये पृथक से शौचालय निर्माण कराये जाने का प्राविधान नहीं है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | उक्तवत्। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

संदीप सिंह
राज्य मंत्री(स्वतन्त्र प्रभार)।